डिजिटल संस्करण
# केशव टाइम्स
2 मार्च 2026
सोमवार



सिकरौल में भारी मात्रा में शराब के साथ हथियारों का जखीरा बरामद, एक चिन्हित, छापेमारी तेज 2

आपकी आवाज



## एक नजर

### ईरान-इजराइल संघर्ष के बीच 900 उड़ानें रद, एयरपोर्ट में फंसे यात्री

**नई दिल्ली/मुंबई।** ईरान-इजराइल में संघर्ष के बीच मिडिल ईस्ट में हमले की वजह से कई बड़े एयरस्पेस बंद हो गए। इस वजह से दुनिया का सबसे व्यस्त ईस्ट-वेस्ट फ्लाइट कॉरिडोर ठप हो गया। दुबई में हवाई सेवाएं सस्पेंड कर दी गईं, जिससे सैकड़ों उड़ानें रद्द हो गईं और भारतीय एयरलाइंस को इस क्षेत्र में ऑपरेशन रोकने पर मजबूर होना पड़ा क्योंकि रेगुलेटर्स ने सिविल एविएशन के लिए गंभीर खतरों की चेतावनी दी थी। दुबई से इजराइल तक के एयरस्पेस बंद कर दिए गए, जिससे भारत और पश्चिम के बीच वन-स्टॉप ट्रैफिक वाले हब बंद हो गए। भारतीय एयरलाइन कंपनियों ने 2 मार्च तक इस क्षेत्र के लिए सभी उड़ानें रद कर दीं। शेड्यूल बिगड़ने से दुबई सहित एयरपोर्ट पर हजारों यात्री फंसे रहे। सीरियम के डेटा से पता चला कि शनिवार को मिडिल ईस्ट एयरलाइन की करीब 900 उड़ानें रद्द कर दी गईं, जिनमें एमिरेट्स ग्रुप, कतर एयरवेज और एतिहाद शामिल थे।

### होली से पहले गैस सिलेंडर के बढ़े दाम, हवाई यात्रा भी महंगी

**नई दिल्ली।** हर महीने कुछ न कुछ आर्थिक बदलाव होते रहते हैं। जो हमारे मासिक खर्च को प्रभावित करते हैं। हर महीने की तरह मार्च 2026 में कई बड़े बदलाव होने जा रहा है, जिसका सीधा असर हमारी जेब पर देखने को मिलेगा। दरअसल, एलपीजी सिलेंडर और सीएनजी की कीमतों में बदलाव देखने को मिलेगा। इसके साथ ही सिम, यूपीआई के नए सुरक्षा मानक और रेलवे टिकट संबंधी नियम में बदलाव होने जा रहा है। आइए जानते हैं आज मार्च 2026 से कौन-कौन से नियमों में बदलाव होने जा रहा है। हर महीने एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में बदलाव देखने को मिलता है। फिलहाल रसोई गैस की कीमतें स्थिर हैं। लेकिन 19 किलो वाला कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 31 रुपए तक महंगा हो गया है। रेलवे का पुराना अनरिजर्व्ड टिकटिंग सिस्टम यानी यूटीएस एप आज 1 मार्च से बंद हो रहा है।

## डीएमके न तो गरीबों के लिए काम करती है और न ही करने देती है: पीएम मोदी

- पीएम ने मदुरै में किया विशाल जनसभा को संबोधित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पुडुचेरी में 2700 करोड़ और तमिलनाडु में 4,400 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का किया उद्घाटन मदुरै। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को पुडुचेरी और तमिलनाडु पहुंचे। पुडुचेरी में उन्होंने 2700 करोड़ और तमिलनाडु में 4,400 करोड़ रुपए से ज्यादा के इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया। इसके साथ ही तमिलनाडु में ही 8 नए बने अमृत भारत रेलवे स्टेशनों, 3 नए आकाशवाणी एफएम रिले ट्रांसमीटर का उद्घाटन किया। इसके बाद मोदी ने मदुरै में सभा को



संबोधित किया और डीएमके पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने जनता को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि डीएमके न तो गरीबों के लिए काम करती है और न ही दूसरों को काम करने देती है। पीएम ने उदाहरण देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत तमिलनाडु में छह लाख से अधिक घर पूरे हो चुके हैं। इन परिवारों को अपना घर मिल गया है। वहीं दूसरी ओर, लगभग तीन लाख घर अभी भी अधूरे हैं क्योंकि डीएमके सरकार सर्वेक्षण नहीं करा रही है और प्रक्रिया में देरी कर रही है। डीएमके की छोटी राजनीति के कारण लाखों गरीब परिवारों को क्यों भुगतना पड़े। उन्होंने कहा कि 2021 में 25 सालों के बाद, डीएमके को अपने दम पर पूर्ण बहुमत मिला। लेकिन उन्होंने सुशासन नहीं दिया। उन्होंने वंशवादी राजनीति को बढ़ावा देते हुए राज्य को लूटा और जनता की आकांक्षाओं को नजरअंदाज किया। उन्होंने कहा कि मदुरै को देखिए, मदुरै ने एमजीआर का साथ दिया, जिन्हें इस शहर से बेहद प्यार थाय यही कारण है कि डीएमके ने कभी मदुरै को पसंद नहीं किया।

### कुछ लोग सत्ता में वापसी का सपना देख रहे

प्रधानमंत्री नरेंद्र ने कहा कि कुछ लोग तमिलनाडु में सत्ता में वापसी का सपना देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब वो एनडीए की विशाल रैली देखेंगे, तो उनके सपने बुरे सपने में बदल जाएंगे। पीएम ने कहा कि लोग जानते हैं कि ये चुनाव राज्य के लिए निर्णायक मोड़ हैं। उन्होंने कहा कि मैं देख सकता हूं कि तमिलनाडु ने अपना मन बना लिया है, जनता ने फैसला कर लिया है।

### डीएमके सरकार को सत्ता से हटाना होगा

दीप प्रज्वलन विवाद पर पीएम मोदी ने कहा कि असंवेदनशील क्डझ सरकार हद से ज्यादा जा सकती है। उन्होंने कहा कि डीएमके चाहे जो भी करे, सत्य की जीत होगी, भक्तों की जीत होगी. उन्होंने कहा कि लोगों ने तय कर लिया है कि डीएमके सरकार को सत्ता से हटाना होगा। उन्होंने कहा कि लोग जानते हैं कि केवल एनडीए ही सूबे में बदलाव ला सकता है।

## पीएम मोदी ने पहले मेक इन इंडिया सेमीकंडक्टर प्लांट२ का किया उद्घाटन

आप के खिलाफ बीजेपी की साजिश बेनकाबः सीएम भगवंत मान

चडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भी आम आदमी पार्टी पर कोई मुसीबत आती है, तो वह दोगुनी-चैगुनी ताकत से उभरती है। भगवान हमें हमेशा उसी नीम के पेड़ के नीचे, इसी जंतर-मंतर पर ले आते हैं, जो आम आदमी पार्टी का जन्म स्थान है। सीएम मान ने कहा कि पंजाब की जनता अब 2027 के चुनाव में आप को 100 सीटों का तोहफा देने वाली है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने एक साजिश के तहत आप को खत्म करने की कोशिश की, लेकिन अब वह साजिश देश के सामने बेनकाब हो चुकी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार पंजाब विरोधी है। इसलिए आरडीएफ, जीएसटी समेत पंजाबियों के हक का करोड़ों रुपए रोककर बैठी है। हम देश से नफरत और झूठ की राजनीति को खत्म करने आए हैं और उस तरफ सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहे हैं। भगवंत मान ने कहा कि आम आदमी पार्टी देश की राजनीति को बदलने और उसमें ईमानदारी भरने आई है। अरविंद केजरीवाल ने दूसरी राजनीतिक पार्टियों को मजबूर कर दिया है कि वे नफरत और धर्म की

राउलगांव स्थित एसबीएल एनर्जी लिमिटेड फैक्ट्री में हुआ हादसा

# बारूद फैक्ट्री में जोरदार धमाका हादसे में 17 लोगों की हुई मौत



- 18 मजदूर गंभीर रूप से जख्मी, चल रहा इलाज

**एजेंसी। नागपुर**

महाराष्ट्र के नागपुर के राउलगांव स्थित एसबीएल एनर्जी लिमिटेड फैक्ट्री में भीषण विस्फोट से 17 लोगों की मौत हो गई। 18 गंभीर रूप से घायल हो गए। धमाके के बाद फैक्ट्री में आग लग गई और राहत-बचाव कार्य जारी है। नागपुर ग्रामीण के एसपी हर्ष पोद्दार ने पुष्टि की है कि इस हादसे में अब तक 17 लोगों की जान जा चुकी है, जबकि 18 अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हैं. यह घटना सुबह लगभग 6 से 7 बजे के बीच की बताई जा रही है, जब कंपनी में खनन और औद्योगिक कार्यों के लिए विस्फोटक बनाने की प्रक्रिया चल रही थी. धमाका इतना जोरदार था कि इसकी गूंज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी, जिससे आसपास के गांवों में भी दहशत फैल गई। जानकारी के अनुसार, यह घटना सुबह करीब 6 से 7 बजे के बीच हुई। राउलगांव स्थित यह कंपनी खनन कार्य में इस्तेमाल होने वाले औद्योगिक विस्फोटक बनाती है। बताया जा रहा है कि जब मजदूर सुबह काम पर लौटे और विस्फोटक निर्माण की प्रक्रिया चल रही थी, तभी अचानक जोरदार धमाका हो गया। धमाका इतना शक्तिशाली था कि उसकी आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी। घटना के समय यूनिट में करीब 25 से 30 मजदूर काम कर रहे थे। विस्फोट के बाद फैक्ट्री में भीषण आग लग गई और धुआं पूरे इलाके में फैल गया। अब तक 15 घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया जा चुका है। आशंका जताई जा रही है कि कुछ मजदूर अभी भी अंदर फंसे हो सकते हैं। स्थानीय प्रशासन और बचाव दल मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य में जुटे हैं।

### कई मजदूरों के अंदर फंसने की आशंका

बताया जा रहा है कि धमाके के समय कंपनी की उस यूनिट में करीब 25 से 30 मजदूर काम कर रहे थे. धमाके के बाद कंपनी में भीषण आग लग गई और धुआं पूरे इलाके में फैल गया. घायलों को निकालकर नागपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है. हालांकि, आशंका है कि कुछ मजदूर अभी भी अंदर फंसे हुए हैं और स्थानीय प्रशासन व बचाव दल मौके पर पहुंच चुके हैं.

### सीएम देवेंद्र फडणवीस का पोस्ट

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि नागपुर जिले के राऊलगांव में विस्फोटक फैक्ट्री में हुआ धमाका अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद है। मैं स्थानीय प्रशासन के साथ लगातार संपर्क में हूं. जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें भी मौके पर तैनात हैं। पेसो और डिश की टीमें भी घटनास्थल पर पहुंच चुकी हैं। राहत और बचाव कार्य को तेज कर दिया गया है। अब तक 17 लोगों की मृत्यु की पुष्टि हुई है। मैं दिवंगतों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और उनके परिजनों के दुख में सहभागी हूं.इस घटना में 18 लोग घायल हुए हैं. घायलों को तत्काल नागपुर स्थानांतरित किया गया है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं। घटना की गहन जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

## खाड़ी देशों में रह रहे 90 लाख भारतीयों की सुरक्षा भारत की प्राथमिकता

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ईरान पर इजरायल और अमेरिका के हमलों के बाद खाड़ी क्षेत्र में तेजी से बिगड़ते हालात ने भारत की चिंता बढ़ा दी है। ईरान की ओर से कुछ देर के अंतराल पर खाड़ी के सात देशों को निशाना बनाए जाने के बीच क्षेत्र में व्यापक सैन्य टकराव की आशंका गहरा रही है। ऐसे में इन देशों में रहने वाले करीब 90 लाख भारतीयों की सुरक्षा भारत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बन गई है। आपातकालीन स्थिति में भारत इस समूचे क्षेत्र से अपने नागरिकों को बाहर निकालने के विकल्प पर भी योजना बना रहा है। इस बारे में नागरिक उड्डयन मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के बीच संवाद शुरू हो चुका है। ईरान ने बहरीन, यूएई, कतर, सऊदी अरब, जोर्डन, कुवैत और इजरायल पर हमला किया है। इस हमले से ज्यादा जान-माल के नुकसान की खबर तो नहीं है लेकिन यह संकेत है कि ईरान इस बार युद्ध को विस्तार देने की रणनीति पर आगे बढ़ेगा। इन देशों में कार्यरत भारतीय समुदाय तेल-गैस, निर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा और सेवा क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।सबसे ज्यादा भारतीय यूएई (40 लाख से ज्यादा) और सऊदी अरब (27 लाख से ज्यादा) में रहते हैं। यूएई के अमेरिका और इजरायल के साथ बहुत ही अच्छे संबंध हैं जबकि सऊदी अरब अमेरिका का एक अहम रणनीतिक साझेदार देश है।ऐसे में मौजूदा युद्ध की स्थिति अगर गंभीर होती है तो इन दोनों को ईरान की तरफ से निशाना बनाए जाने का ज्यादा खतरा है। भारत पहले भी खाड़ी क्षेत्र में युद्ध भड़कने पर अपने नागरिकों को सुरक्षित स्वदेश लाने का अभियान चला चुका है। सरकारी सूत्रों के अनुसार यदि युद्ध लंबा खिंचता है या और गंभीर रूप लेता है तो भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी पर भी विचार करना पड़ सकता है। इस संदर्भ में विदेश मंत्रालय और नागरिक उड्डयन मंत्रालय के बीच प्रारंभिक स्तर पर विमर्श शुरू हो चुका है।

## बंगाल में वोटर लिस्ट से 63 लाख नाम हटने पर सियासी घमासान

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट के विशेष सुधार (एसआईआर) के बाद एक बड़ा बदलाव सामने आया है। इस लिस्ट से करीब 63.66 लाख नाम हटा दिए गए हैं। इस पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को कूच बिहार में बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट से 50 लाख से ज्यादा घुसपैठियों को बाहर कर दिया गया है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि अब राज्य में अवैध प्रवासियों का समय खत्म हो चुका है। कूच बिहार में पार्टी की पोरिबोर्तन यात्रा को हरी झंडी दिखाते हुए नवीन ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि ये घुसपैठिए असली नागरिकों के हक की सरकारी नौकरियों और योजनाओं का फायदा उठा रहे थे। उनके मुताबिक, ये लोग देश की सुरक्षा के लिए भी खतरा थे। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने फर्जी दस्तावेज बनवाने में इन लोगों की मदद की और उन्हें सुरक्षा दी। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल नवंबर से शुरू हुए सुधार अभियान के बाद वोटरों की संख्या 7.66 करोड़ से घटकर 7.04 करोड़ रह गई है। यह कुल वोटरों का लगभग 8.3 प्रतिशत है। साल 2002 के बाद यह पहली बार है जब 116 दिनों तक इतना सघन अभियान चला।






# नेनुआ बना मिनी ब्रज, फाग की तान पर थिरका गांव

- रामबउरा बाबा परिसर में लोकसंस्कृति का संगम, चार पंचायतों के कलाकारों का सम्मान, गुलाब और अबीर से महका माहौल



**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव प्रखंड के कुशलपुर पंचायत अंतर्गत नेनुआ गांव रविवार को सचमुच ह्यमिनी ब्रजह्न में तब्दील नजर आया। सुप्रसिद्ध रामबउरा बाबा के परिसर में आयोजित पारंपरिक फाग समारोह ने गांव की फिजा को भक्ति, रंग और लोकसंगीत से सराबोर कर दिया। जैसे ही ढोलक और मंजीरे की थाप पर ब्रज की होरी गूंजनी शुरू हुई, पूरा वातावरण ह्लरंग बरसेह्न की जीवंत अनुभूति से भर उठा। कार्यक्रम की शुरूआत ब्रज की पारंपरिक होरी से हुई। कलाकारों ने जब ह्लबृज में हरी होरी मचाईह्न की तान छेड़ी तो श्रोता भावविभोर हो उठे। राधा-कृष्ण की रसमय झलकियों से सजे फाग गीतों ने उपस्थित लोगों को आध्यात्मिक आनंद का एहसास कराया। गुलाब की पंखुड़ियों और अबीर-गुलाल की खुशबू ने पूरे परिसर को महका दिया।

इस सांस्कृतिक आयोजन का नेतृत्व भाजपा नेता विन्ध्याचल पाठक ने किया। उनके संयोजन में चार पंचायतों से आए लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ढोलक, झाल और मंजीरे की संगत पर गाए गए पारंपरिक फाग गीतों ने गांव की सांस्कृतिक विरासत को सजीव कर दिया। कार्यक्रम में भाजपा नेत्री स्वेता पाठक ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और आपसी प्रेम का संदेश देने वाला पर्व है। उन्होंने कहा कि गांवों में फाग गाने की परंपरा भारतीय संस्कृति की आत्मा है, जिसे सहेजना हम सबकी जिम्मेदारी है। समारोह का एक विशेष आकर्षण कलाकार सम्मान रहा। आयोजन समिति की ओर से सभी प्रतिभागी कलाकारों को अंगवस्त्र और शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर कलाकारों के चेहरे गर्व से खिल उठे। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से लोककला को नई ऊर्जा मिलती है और युवा पीढ़ी भी अपनी जड़ों से जुड़ती है। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता रही। महिलाओं और युवाओं ने भी पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। फाग की सुरमयी तान और होली के रंगों ने नेनुआ को उत्सवधर्मी रंग में रंग दिया। रविवार का यह आयोजन सिर्फ एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि परंपरा, श्रद्धा और सामाजिक एकता का उत्सव बन गया। नेनुआ की गलियों में देर तक फाग की गूंज सुनाई देती रही और गांववासियों के चेहरे पर होली की खुशी साफ झलकती रही।

# सिकरौल में भारी मात्रा में शराब के साथ हथियारों का जखीरा बरामद, एक चिन्हित, छापेमारी तेज



- एसडीपीओ ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी, शराब बिक्री की सूचना पर छापेमारी करने गई थी पुलिस
- फर्नीचर व मछली पालन के आड़ में चल रहा था तस्करी का खेल, 1311 लीटर शराब, तीन आग्नेयास्त्र व सात कारतूस बरामद

**केटी न्यूज/डुमरांव**

अनुमंडल की सिकरौल थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना पर भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ तीन आग्नेयास्त्र व सात कारतूस बरामद किए है। पुलिस ने शराब व हथियारों के एक सौदागर की शिनाख्त कर ली है तथा उसके खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कर, गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। रविवार को डुमरांव एसडीपीओ पोलस्त कुमार ने प्रेस वार्ता आयोजित कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शनिवार को सिकरौल थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली थी कि निहालपुर गांव में एक तस्कर फर्नीचर की दुकान व मछली पालन की आड़ में शराब की तस्करी कर रहा है। थानाध्यक्ष ने इसकी सूचना एसपी शुभम आर्य को दी। एसपी ने तत्काल डुमरांव एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम गठित कर तत्काल छापेमारी करने का निर्देश दिया।

## छापेमारी के दौरान शराब की खेप के साथ मिला हथियारों का जखीरा

पुलिस टीम ने जब वहां दबिश दी तो निहालपुर पोखरे के समीप बनी झोपड़ी से एक युवक निकलकर भाग खड़ा हुआ। पुलिस ने जब झोपड़ी की तलाशी ली तो उसके अंदर से 1311 लीटर विदेशी शराब, एक-एक दोनाली व एकनाली देशी कट्टा तथा एक देशी रायफल समेत कुल तीन आग्नेयास्त्र व सात कारतूस बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने पहाड़पुर गांव निवासी तस्कर सह हथियारों के कारोबारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया है। एसडीपीओ ने बताया कि उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। छापेमारी में एसडीपीओ पोलस्त के साथ ही सिकरौल थानाध्यक्ष अंकुश कुमार मंडल, सिकरौल थाने के एसआई मिंटू कुमार, एएसआई कृष्णा प्रसा, हवलदार रमेश प्रसाद यादव समेत सशस्त्र बल शामिल थे।

## कही बड़े अपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए तो नहीं इकट्ठा किए गए थे हथियार

शराब की खेप के साथ हथियारों का जखीरा बरामद होने के बाद इस बात के कायास लगाए जा रहे है कि कही किसी बड़ी अपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए तो अपराधियों द्वारा हथियारों का जखीरा इकट्ठा किया गया था। वहीं, आशंका यह भी जताई जा रही है कि शराब तस्कर द्वारा अपने धंधे में धौंस जमाने के लिए भी हथियारों का जखीरा अपने पास रखा गया होगा। हालांकि, पुलिस अभी बरामद हथियार के संबंध में विशेष जानकारी नहीं दे सकी है। एसडीपीओ ने बताया कि इसकी सूक्ष्मता से जांच की जा रही है कि आखिर किस मंशा से हथियार की खेप वहां रखी गई थी। उन्होंने कहा कि चिन्हित अपराधी की गिरफ्तारी के बाद ही इससे पर्दा उठ सकता है कि हथियारों का जखीरा किस उदेश्य से इकट्ठा किया गया है।

## एसडीपीओ ने दिए अपराधियों को सख्त संदेश

प्रेस वार्ता के दौरान एसडीपीओ पोलस्त ने कहा कि होली के मद्देनजर पुलिस ऐक्टिव मोड में है। उन्होंने कहा कि अनुमंडल के सभी थाना क्षेत्रों में शराब तस्करी के खिलाफ विशेष छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि होली के दौरान तस्करी करने वाले तथा उपद्रव फैलाने वालो की खैर नहीं होगी, बल्कि उनकी होली सलाखो के पीछे कटेगी। एसडीपीओ ने कहा कि पुलिस का यह विशेष अभियान होली तक जारी रहेगा।

## संगठन सृजन पर सोमवार को वर्चुअल बैठक, वरिष्ठ नेताओं संग होगी मंथन

**बक्सर।** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से संगठन सृजन अभियान को गति देने के उद्देश्य से सोमवार को दोपहर 2:30 बजे एक महत्वपूर्ण वर्चुअल बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक माननीय श्री राजेश राठौर सहित देश और प्रदेश के कई वरिष्ठ नेता जूम मीटिंग के माध्यम से जुड़ेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए बक्सर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. मनोज पांडे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के सभी समर्पित कार्यकर्ता, विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, पूर्व विधायक तथा जिले के सभी पदाधिकारी भाग लेंगे। बैठक के दौरान संगठन सृजन अभियान की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की जाएगी तथा इसे और प्रभावी बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा एवं परिचर्चा होगी। डॉ. पांडे ने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए निष्क्रिय कार्यकताओं को पुनः सक्रिय करना प्राथमिकता होगी।

# अतिक्रमण की जद में कुंवर पथ, 30 फीट की सड़क सिमटकर रह गई 10 फीट

**केटी न्यूज/नावानगर**

सोनवर्षा बाजार का मुख्य मार्ग कुंवर पथ इन दिनों अतिक्रमण की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। कभी लगभग 30 फीट चौड़ी रही यह सड़क अब सिमटकर महज 10 फीट की रह गई है। सड़क के दोनों किनारों पर स्थायी और अस्थायी अतिक्रमण के कारण प्रतिदिन घंटों जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की बदहाल स्थिति के पीछे प्रशासनिक उदासीनता भी एक बड़ा कारण है। कई लोगों ने सड़क किनारे मकान, दुकान और पक्का चबूतरा बनाकर स्थायी कब्जा कर रखा है। वहीं अस्थायी दुकानदार ठेला और स्टॉल लगाकर शेष बची जगह भी घेर लेते हैं। नतीजतन दो बड़े वाहन एक साथ नहीं गुजर पाते और थोड़ी सी भी भीड़ लगते ही लंबा जाम लग जाता है। जाम की स्थिति ऐसी हो जाती है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ती है। आपातकालीन सेवा की गाड़ियां भी जाम में फंस जाती हैं, जिससे कभी-कभी गंभीर हालात उत्पन्न हो जाते हैं। स्थानीय नागरिकों ने अंचल प्रशासन और नगर पंचायत से कुंवर पथ को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले दिनों में बाजार क्षेत्र में आवागमन पूरी तरह ठप हो सकता है।



### कई लोगों ने सड़क की जमीन पर बना लिया है मकान, दुकान और चबूतरा

सोनवर्षा के कुंवर पथ पर एक तरफ फुटपाथी दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखा है, तो वही कई लोगों ने सड़क की जमीन पर मकान, दुकान और चबूतरा बनाकर कब्जा कर लिया है। फलस्वरूप सड़क की चौड़ाई सिमट कर रह गई है। यहां तक की पानी निकासी के लिए बनी नाला पर भी लोगों ने पत्थर एवं मिट्टी डालकर कर दखल कब्जा कर लिया है।

### प्रशासनिक के उदासीनता से बढती जा रही है अतिक्रमण

स्थानीय लोगों का कहना है कि कुंवर पथ को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग कई बार जिला प्रशासन, अनुमंडल प्रशासन तथा अंचल प्रशासन के अधिकारियों से की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। प्रशासनिक उदासीनता के कारण अतिक्रमण का दायरा दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। लोगों ने शीघ्र सख्त अभियान चलाकर सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है, ताकि बाजार क्षेत्र में सुचारु आवागमन बहाल हो सके।

# पुलिस की दबिश से बची मासूम : अपहर्ता तटबंध के पास छोड़कर फरार, बाल कल्याण समिति के संरक्षण में सुरक्षित

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव थाना क्षेत्र के नेनुआ गांव से लापता सात वर्षीय मासूम तान्या पाठक सकुशल बरामद कर ली गई है। पुलिस की ताबड़तोड़ दबिश और चौकसी के कारण अपहर्ता बच्ची को छोड़कर फरार हो गए। बच्ची रामदास राय के डेरा थाना क्षेत्र के गंगौली गांव के समीप कोईलवर तटबंध के पास मिली, जहां से पुलिस ने उसे सुरक्षित बरामद किया।



बताया जाता है कि जैसे ही बच्ची के लापता होने की सूचना पर डुमरांव पुलिस सक्रिय हुई, विभिन्न संभावित ठिकानों पर छापेमारी शुरू कर दी गई। आसपास के इलाकों में सघन जांच, चौक-चौराहों पर निगरानी और संदिग्धों से पूछताछ के कारण अपहताओं पर दबाव बढ़ गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार आशंका जताई जा रही है कि अपहताओं की मंशा बच्ची को अगवा कर उत्तर प्रदेश ले जाने की थी, लेकिन पुलिस की मुस्तैदी से उनका मंसूबा नाकाम हो गया। दबाव बढ़ता देख अपहर्ता बच्ची को गंगौली गांव के समीप कोईलवर तटबंध के पास छोड़कर फरार हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बच्ची को अपने संरक्षण में लिया। चिकित्सकीय जांच के बाद उसे सुरक्षित बाल कल्याण समिति के संरक्षण में रखा गया है। डुमरांव थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए लगातार दबिश दी जा रही थी। पुलिस की सक्रियता के कारण ही बच्ची सकुशल बरामद हो सकी। उन्होंने बताया कि सोमवार को न्यायालय में धारा 164 के तहत बच्ची का बयान दर्ज कराया जाएगा, जिसके बाद विधिक प्रक्रिया पूरी कर उसे परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

मासूम के सकुशल मिलने की खबर से परिजनों ने राहत की सांस ली है। गांव में खुशी का माहौल है और लोग पुलिस की तत्परता की सराहना कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस फरार आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान चला रही है। अधिकारियों का कहना है कि दोषियों को जल्द ही कानून के शिकंजे में लिया जाएगा।

## एक नजर

### पुलिस की दबिश से बची मासूम : अपहर्ता तटबंध के पास छोड़कर फरार, बाल कल्याण समिति के संरक्षण में सुरक्षित

**डुमरांव।** डुमरांव थाना क्षेत्र के नेनुआ गांव से लापता सात वर्षीय मासूम तान्या पाठक सकुशल बरामद कर ली गई है। पुलिस की ताबड़तोड़ दबिश और चौकसी के कारण अपहर्ता बच्ची को छोड़कर फरार हो गए। बच्ची रामदास राय के डेरा थाना क्षेत्र के गंगौली गांव के समीप कोईलवर तटबंध के पास मिली, जहां से पुलिस ने उसे सुरक्षित बरामद किया। बताया जाता है कि जैसे ही बच्ची के लापता होने की सूचना पर डुमरांव पुलिस सक्रिय हुई, विभिन्न संभावित ठिकानों पर छापेमारी शुरू कर दी गई। आसपास के इलाकों में सघन जांच, चौक-चौराहों पर निगरानी और संदिग्धों से पूछताछ के कारण अपहताओं पर दबाव बढ़ गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार आशंका जताई जा रही है कि अपहताओं की मंशा बच्ची को अगवा कर उत्तर प्रदेश ले जाने की थी, लेकिन पुलिस की मुस्तैदी से उनका मंसूबा नाकाम हो गया। दबाव बढ़ता देख अपहर्ता बच्ची को गंगौली गांव के समीप कोईलवर तटबंध के पास छोड़कर फरार हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बच्ची को अपने संरक्षण में लिया। चिकित्सकीय जांच के बाद उसे सुरक्षित बाल कल्याण समिति के संरक्षण में रखा गया है। डुमरांव थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए लगातार दबिश दी जा रही थी। पुलिस की सक्रियता के कारण ही बच्ची सकुशल बरामद हो सकी। उन्होंने बताया कि सोमवार को न्यायालय में धारा 164 के तहत बच्ची का बयान दर्ज कराया जाएगा, जिसके बाद विधिक प्रक्रिया पूरी कर उसे परिजनों को सौंप दिया जाएगा। मासूम के सकुशल मिलने की खबर से परिजनों ने राहत की सांस ली है। गांव में खुशी का माहौल है और लोग पुलिस की तत्परता की सराहना कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस फरार आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान चला रही है। अधिकारियों का कहना है कि दोषियों को जल्द ही कानून के शिकंजे में लिया जाएगा।

### होली पर हुड़दंगियों की खैर नहीं : कृष्णाब्रह्म पुलिस अलर्ट, संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी

**कृष्णाब्रह्म।** होली पर्व को लेकर कृष्णाब्रह्म थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में इस बार सख्ती और सतर्कता का स्पष्ट संदेश दिया गया। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष रवि कुमार ने की, जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रशासन ने साफ कर दिया कि रंगों के इस पर्व में किसी भी तरह की अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। थानाध्यक्ष रवि कुमार ने कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। कुछ असामाजिक तत्वों के कारण त्योहार की छवि धूमिल न हो, इसके लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। बैठक में विशेष रूप से संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, गश्त बढ़ाने और शराब के अवैध कारोबार पर कड़ी नजर रखने की रणनीति पर चर्चा हुई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि हुड़दंग, जबरन रंग लगाने, डीजे पर अश्लील गानों या किसी भी प्रकार की उकसावे वाली हरकत पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष ने कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों को भी चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने युवाओं से संयम बरतने और परंपरागत तरीके से सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण होली मनाने की अपील की। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। सभी ने एक स्वर में कहा कि कृष्णाब्रह्म में होली सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाई जाएगी और किसी भी तरह की अव्यवस्था को मिलकर रोका जाएगा।

### कृष्णाब्रह्म में पुलिस का एक्शन, नौ बाइक चालकों से वसूले 9 हजार

**कृष्णाब्रह्म।** सड़क सुरक्षा को लेकर कृष्णाब्रह्म थाना पुलिस ने रविवार को सम्पर्क पथ पर सख्त रुख अपनाते हुए सघन वाहन जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले बाइक चालकों पर तत्काल कार्रवाई की गई। जांच में कुल नौ दोपहिया चालक नियम तोड़ते हुए पकड़े गए, जिनसे मौके पर ही एक-एक हजार रुपये का चालान काटते हुए कुल नौ हजार रुपये जुमार्ना वसूला गया। पुलिस टीम ने वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र, बीमा कागजात और हेलमेट की अनिवार्यता की बारीकी से जांच की। इस दौरान कई चालक बिना हेलमेट के सड़क पर दौड़ते मिले, जबकि कुछ के पास आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं थे। नियमों के उल्लंघन के मामलों में किसी प्रकार की ढील नहीं बरती गई और मोटर वाहन अधिनियम के तहत तत्काल कार्रवाई की गई। थानाध्यक्ष रवि कुमार ने बताया कि यह अभियान सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से चलाया गया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नियमों का पालन करना केवल कानूनी बाध्यता नहीं, बल्कि व्यक्तिगत सुरक्षा का भी सवाल है।






# होली-ईद से पहले प्रशासन का सख्त संदेश : डीजे पर रोक, अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

**केटी न्यूज/डुमरांव**

होली, रमजान और आगामी ईद पर्व को लेकर डुमरांव अनुमंडल प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। रविवार को डुमरांव थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में प्रशासन ने साफ कर दिया कि पर्व के दौरान किसी भी तरह की लापरवाही या असामाजिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में एसडीओ राकेश कुमार और डीएसपी पोलस्त कुमार ने संयुक्त रूप से सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। अधिकारियों ने बताया कि अनुमंडल क्षेत्र के सभी संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थानों की पहचान कर ली गई है, जहां दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। साथ ही लगातार गश्ती और निगरानी की व्यवस्था रहेगी।

प्रशासन ने पर्व के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध की घोषणा की है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया



कि ध्वनि प्रदूषण और संभावित विवाद की आशंका को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इसके अलावा अवैध शराब की बिक्री और सेवन पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। संबंधित क्षेत्रों में छापेमारी की कार्रवाई भी की जाएगी।

डीएसपी ने कहा कि असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सोशल मीडिया पर झूठी या भ्रामक सूचना फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। किसी भी तरह की अफवाह फैलाने पर तत्काल कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

बैठक में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं एवं विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोगों से प्रशासन का सहयोग करने और पर्व को सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने की अपील की गई।

इस दौरान बीडीओ संदीप कुमार पांडेय, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राहुलधर दुबे समेत कई अधिकारी एवं स्थानीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जेल परिसर स्थित वामनेश्वर मंदिर से चांदी का मुकुट, घंटे व उपकरण चोरी

# रामरेखा घाट पर मौत का जाल : गंगा में समाए दो युवक, एक जिंदगी से जूझ रहा

- **मछली पकड़ने गए चार दोस्त हादसे का शिकार, सीढ़ियों के पास गहरे पानी में फंसे, इलाके में पसरा मातम**



**केटी न्यूज/बक्सर**

रविवार की दोपहर शहर के रामरेखा घाट पर खुशियों से भरा एक सामान्य दिन अचानक मातम में बदल गया। मछली पकड़ने गए चार दोस्त गंगा नदी की तेज धारा और गहराई का शिकार हो गए। देखते ही देखते हंसी-ठिठोली का माहौल चीख-पुकार में बदल गया। इस दर्दनाक हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, एक युवक की हालत गंभीर बनी हुई है जिसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है, जबकि एक अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार शहर के सिविल लाइन पंजाबी मोहल्ला निवासी नरेश भर के पुत्र संजू (40 वर्ष), मल्लाहटोली के राजाराम चौधरी के पुत्र महावीर (20 वर्ष), गोपाल चौधरी के पुत्र आकाश कुमार (18 वर्ष) तथा सुरज कुमार (17 वर्ष) रविवार की दोपहर मछली पकड़ने के उद्देश्य से रामरेखा घाट पहुंचे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, घाट की सीढ़ियों के पास पानी अधिक गहरा था। मछली पकड़ने के दौरान तीन युवक नीचे की ओर फिसलकर गहराई में चले गए और पानी में फंस गए।

बताया जा रहा है कि अचानक संतुलन बिगड़ने से वे गहरे पानी में चले गए और खुद को संभाल नहीं सके। एक युवक को बचाने के प्रयास में दूसरा भी डूबने लगा। कुछ ही पलों में चारों पानी में छटपटाने लगे। घाट पर मौजूद लोगों ने जब युवकों को डूबते देखा तो अफरातफरी मच गई। तत्काल इसकी सूचना टाउन थाना पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही टाउन थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से बचाव अभियान शुरू किया गया। काफी मशक्कत के बाद चारों युवकों को पानी से बाहर निकाला गया। आनन-फानन में उन्हें सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद संजू और महावीर को मृत घोषित कर दिया। आकाश कुमार की स्थिति नाजुक देख उसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। सुरज कुमार को इलाज के बाद घर भेज दिया गया। घटना की खबर मिलते ही मल्लाहटोली और पंजाबी मोहल्ले में कोहराम मच गया। परिजन और स्थानीय लोग अस्पताल पहुंचने लगे। जिन घरों से सुबह युवक हंसते हुए निकले थे, वहां शाम होते-होते सन्नाटा और चीख-पुकार गूंजने लगी। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि रामरेखा घाट पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। घाट की कुछ सीढ़ियों के पास अचानक गहराई बढ़ जाती है, जिससे अनजान लोग हादसे का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि घाट पर चेतावनी बोर्ड, बैरिकेडिंग और नियमित निगरानी की व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

टाउन थाना पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और घटना के कारणों का बारीकी से पता लगाया जा रहा है। प्रारंभिक तौर पर इसे हादसा माना जा रहा है।

रविवार की इस त्रासदी ने एक बार फिर गंगा घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। मछली पकड़ने या स्नान के लिए जाने वाले लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। जरा सी लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है।

रामरेखा घाट की यह घटना शहरवासियों के लिए गहरा सबक बन गई है—गंगा की धारा शांत दिखे, लेकिन उसकी गहराई और प्रवाह को कमतर आंकना भारी पड़ सकता है।

## एक नजर

### तीसरी बार मुन्ना यादव बने डुमरांव शाखा अध्यक्ष



**डुमरांव।** रेलयात्री कल्याण समिति की सेन्ट्रल कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को डुमरांव रेलवे स्टेशन के पूर्वी गुमटी स्थित शाखा कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुधीर कुमार सिंह ने की, जबकि संचालन राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य रासबिहारी राय ने किया। बैठक में समिति के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य एजेंडा वर्ष 2026-27 के लिए डुमरांव स्टेशन शाखा के अध्यक्ष का मनोनयन करना था। इस दौरान उपस्थित राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्यों के बीच विचार-विमर्श किया गया। सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से मुन्ना यादव को तीसरी बार डुमरांव शाखा का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उनके मनोनयन की घोषणा होते ही उपस्थित सदस्यों ने बधाई देते हुए संगठन को और अधिक सक्रिय बनाने की अपेक्षा जताई। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुधीर कुमार सिंह ने कहा कि समिति के नियमों के अनुसार किसी भी शाखा अध्यक्ष का कार्यकाल एक वर्ष के लिए निर्धारित होता है, जिसके बाद वह स्वतः समाप्त हो जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित प्रक्रिया के तहत ही डुमरांव शाखा अध्यक्ष का चयन किया गया है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए पारदर्शिता और सक्रियता आवश्यक है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने शाखा पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि मासिक बैठक नियमित रूप से आयोजित की जाए तथा रेलयात्रियों की समस्याओं के समाधान के लिए गंभीरता से कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि समिति का उद्देश्य रेल यात्रियों की सुविधाओं में सुधार, स्टेशन पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना और जनसमस्याओं को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाना है। बैठक में राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य रासबिहारी राय, प्रवक्ता भुवर सिद्दकी, नव मनोनीत शाखा अध्यक्ष मुन्ना यादव, रामबाबू कुशवाहा, प्रेम प्रकाश पांडेय, पंकज गोस्वामी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। अंत में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के संकल्प के साथ बैठक का समापन किया गया।

# होली में हुड़दंग पर सख्ती, अतिरिक्त पुलिस बल रहेगा तैनात-थानाध्यक्ष

**केटी न्यूज/नावानगर**

होली पर्व को सौहार्दपूर्ण और उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर नावानगर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार ने की। बैठक में विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं प्रबुद्ध नागरिक शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य पर्व के दौरान सामाजिक समरसता को मजबूत करना और किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाना रहा। थानाध्यक्ष ने कहा कि होली आपसी रिश्तों को प्रगाढ़ करने और पुराने मनमुटाव भुलाने का अवसर है। ऐसे में सभी लोग संयम और जिम्मेदारी का परिचय दें। उन्होंने बताया कि प्रशासन



द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती रहेगी और लगातार गश्ती की जाएगी। संवेदनशील स्थानों की विशेष निगरानी की जाएगी, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। डीजे संचालन, जुलूस और सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए निर्धारित नियमों का पालन अनिवार्य होगा। बैठक में उपस्थित लोगों ने भी एक स्वर में कहा कि क्षेत्र की शांति और सौहार्द बनाए रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि होली को प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता के संदेश के साथ मनाया जाएगा। मौके पर रुपसागर के पूर्व मुखिया पंकज सिंह, वर्तमान मुखिया ब्रिज कुमार, पैक्स अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह, मुखिया प्रतिनिधि इजाजूल, मनोज सिंह, सुनील सिंह समेत अन्य गणमान्य लोग थे।

# बक्सर में एससी-एसटी मामलों पर सख्ती 27 स्पीडी ट्रायल लंबित पर प्रशासन नाराज

- **अपर समाहर्ता ने दी चेतावनी, गवाही में देरी बर्दाश्त नहीं, सफाई कर्मियों के हक और सुरक्षा पर भी कड़ा रुख**

**केटी न्यूज/बक्सर**

समाहरणालय परिसर में हुई अहम बैठक में प्रशासन ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार मामलों की धीमी रफ्तार पर कड़ा रुख अपनाया। अपर समाहर्ता अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय अनुश्रवण एवं सतर्कता समिति की बैठक में स्पष्ट संदेश दिया गया कि पीड़ितों को न्याय दिलाने में अब किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत दर्ज मामलों की गहन समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आया कि व्यवहार न्यायालय में 27 मामले स्पीडी ट्रायल के लिए लंबित हैं और निष्पादन की गति अपेक्षाकृत धीमी है। इस पर अपर समाहर्ता ने खेद जताते हुए विशेष लोक अभियोजक को निर्देश दिया कि अनुसंधान अधिकारी और चिकित्सकों की गवाही समय पर सुनिश्चित कर प्राथमिकता के आधार पर मामलों का निष्पादन कराया जाए।

जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अधिनियम के तहत 192 पीड़ितों को कुल 149.32 लाख रुपये की अनुतोष राशि प्रदान की गई है। वहीं वर्ष 2026 में अब तक 24 नए मामले प्राप्त हुए हैं, जिनमें भुगतान की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि आरोप पत्र के लिए लंबित मामलों को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय और जिला कल्याण विभाग आपसी समन्वय के साथ तेजी से कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि सभी थानाध्यक्ष अधिनियम के तहत दर्ज मामलों की प्राथमिकी और प्रतिवेदन उसी दिन जिला कल्याण पदाधिकारी को उपलब्ध कराएं, ताकि पीड़ितों को मुआवजा और कानूनी सहायता में देरी न हो।

सिर्फ अत्याचार मामलों तक ही चर्चा सीमित नहीं रही। हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम, 2013 के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी सख्त निर्देश दिए गए। नगर परिषद और नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मलनालियों और सेप्टिक टैंकों की सफाई में सुरक्षा उपकरणों का अनिवार्य उपयोग सुनिश्चित करें तथा मशीनों के प्रयोग का मासिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत सफाई कर्मियों के वेतन, ईपीएफ और अन्य सुविधाओं की भी समीक्षा करने का आदेश दिया गया। अपर समाहर्ता ने दो टूक कहा कि सफाई कर्मियों के अधिकारों से समझौता नहीं होगा और यदि किसी प्रकार की समस्या सामने आती है तो उसका त्वरित समाधान किया जाएगा। बैठक ने साफ संकेत दिया कि बक्सर प्रशासन अब न्याय और मानवाधिकार से जुड़े मामलों में सक्रिय और जवाबदेह भूमिका निभाने के मूड में है।

# रंग, राग और परंपरा का संगम: ब्रह्मपुर महोत्सव 2026 ने बांधा समां

- **दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुआ सांस्कृतिक उत्सव, कलाकारों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध**

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**

कला, संस्कृति और युवा ऊर्जा का अद्भुत संगम शनिवार को ब्रह्मपुर की धरती पर देखने को मिला, जब कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार तथा जिला प्रशासन बक्सर के संयुक्त तत्वावधान में बी एन प्लस टू उच्च विद्यालय, ब्रह्मपुर के प्रांगण में ह्यब्रह्मपुर महोत्सव 2026ह्न का भव्य आयोजन किया गया। अपराह्न तीन बजे से शुरू हुआ यह महोत्सव देर शाम तक रंगारंग प्रस्तुतियों और तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा।

### दीप प्रज्वलन के साथ हुआ शुभारंभ

कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी साहिला, अपर समाहर्ता बक्सर, अपर समाहर्त्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी बक्सर, अनुमंडल पदाधिकारी डुमरांव राकेश कुमार एवं जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। दीप की ज्योति के साथ ही पूरे परिसर में उत्सव की आभा फैल गई और उपस्थित जनसमूह ने तालियों के साथ अतिथियों का स्वागत किया। मंच को पारंपरिक सजावट, रंगोली और आकर्षक पृष्ठभूमि से सजाया गया था, जो बिहार की लोकसंस्कृति की झलक प्रस्तुत कर रहा था। विद्यालय परिसर में स्थानीय लोगों, विद्यार्थियों, शिक्षकों और सांस्कृतिक प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ी रही।

### संस्कृति से जुड़ाव ही हमारी पहचान - जिलाधिकारी



अपने प्रेरक संबोधन में जिलाधिकारी साहिला ने कहा कि ब्रह्मपुर महोत्सव का उद्देश्य लोगों को उनकी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना और बिहार की समृद्ध परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि आधुनिकता की दौड़ में कहीं न कहीं हमारी लोक परंपराएं पीछे छूटती जा रही हैं, ऐसे में इस तरह के आयोजन समाज को अपनी विरासत का स्मरण कराते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि संस्कृति केवल नृत्य और संगीत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारी जीवन शैली, भाषा, रीति-रिवाज और सामूहिक चेतना का प्रतीक है। ऐसे महोत्सव सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं और समाज में आपसी सौहार्द को बढ़ावा देते हैं।

### कलाकारों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां



महोत्सव की शुरूआत पारंपरिक मंगलाचरण से हुई, जिसके बाद एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां मंच पर देखने को मिलीं। लोकगीतों की मधुर धुनों ने जहां श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया, वहीं लोकनृत्य की रंग-बिरंगी झलकियों ने माहौल को जीवंत बना दिया। स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ आमंत्रित सांस्कृतिक दलों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भोजपुरी लोकगीत, झूमर और पारंपरिक नृत्य की प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं। कई बार तो पूरा पंडाल तालियों की गूंज से थर्रा उठा। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी देशभक्ति गीत, समूह नृत्य और नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उनके उत्साह और आत्मविश्वास ने दर्शकों का दिल जीत लिया। अभिभावक अपने बच्चों की प्रस्तुति को मोबाइल में कैद करते नजर आए।

### युवाओं में दिखा खास उत्साह

महोत्सव में युवाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। स्वयंसेवकों ने व्यवस्था संभालने से लेकर अतिथियों के स्वागत तक हर जिम्मेदारी को बखूबी निभाया। युवाओं की ऊर्जा और सहभागिता ने कार्यक्रम को और भी सफल बना दिया। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा और स्वच्छता की भी समुचित व्यवस्था की गई थी। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी से आयोजन अनुशासित और सुव्यवस्थित रहा।

### सांस्कृतिक विरासत को संजोने की पहल

ब्रह्मपुर महोत्सव 2026 केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं रहा, बल्कि यह सांस्कृतिक जागरूकता का सशक्त मंच भी साबित हुआ। इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देने और परंपराओं को जीवित रखने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। ग्रामीण और शहरी संस्कृति के संगम ने इस महोत्सव को खास बना दिया। बुजुर्गों के चेहरे पर जहां अपनी परंपराओं को जीवित देख संतोष झलक रहा था, वहीं युवा पीढ़ी उत्साह के साथ उसे आत्मसात करती नजर आई।

### यादगार बन गया ब्रह्मपुर का शनिवार

देर शाम जब कार्यक्रम अपने अंतिम चरण में पहुंचा तो पूरा परिसर उत्साह और उमंग से सराबोर था। दर्शकों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के महोत्सव क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। ब्रह्मपुर महोत्सव 2026 ने यह साबित कर दिया कि यदि प्रशासन और समाज मिलकर पहल करें तो सांस्कृतिक धरोहर को न केवल सहेजा जा सकता है, बल्कि उसे नई ऊंचाइयों तक भी पहुंचाया जा सकता है।

# पत्रकार संघ के साथ व्यापार मंडल अध्यक्ष ने अबीर-गुलाल उड़ा मनाई होली मिलन

**■ सिद्धनाथ सिंह बोलें..होली पर्व स्नेह के अटूट रिश्तों का है प्रतीक**

**केटी न्यूज/रोहतास**

रविवार को चेयरमैन व्यापार मंडल सिद्धनाथ सिंह ने नेतृत्व में नगर परिषद स्थित कार्यालय सभागार में अबीर गुलाल उड़ा धूमधाम से मनी पत्रकार संघ होली मिलन समारोह। अवसर पर पत्रकार संघ,बिक्रमगंज ने व्यापार मंडल कार्यालय सभागार में सर्व प्रथम बुजुर्ग व्यापार मंडल अध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह उर्फ जवाहर सिंह को अबीर-गुलाल लगा उनसे आशीर्वाद लिया। इसके बाद वरीय चेयरमैन सिद्धनाथ सिंह ने उपस्थित सभी पत्रकारों को अबीर-गुलाल तिलक लगा उन्हें होली पर्व की सपरिवार हार्दिक शुभकामनाएं दी। आयोजित कार्यक्रम का संचालन व्यापार मंडल कार्यकारी सदस्य ललन चौरसिया ने की। अवसर पर चेयरमैन ने पत्रकार सदस्यों को मिठाइयां खिलाते हुए अंगवस्त्र भेंट कर अन्य उपहारों से उन्हें सम्मानित किया। साथ ही अपने संबोधन में कहा कि देश के चौथे स्तंभ कलम के सिपाही पत्रकार बिना पूरा देश अंधकार मय समान है। क्योंकि देश के जवान की तरफ देश के मीडिया भी वैसे ही कलम के सिपाही है जो हर समय देशहित में




खबरों को आइने की तरह दिखाते है। जबकि होली मिलन समारोह का मुख्य संदेश सामाजिक समरसता, भाईचारा और प्रेम मोती के धागों में बांधना है। यह रंगोत्सव होली पर्व समाज में ऊंच-नीच,जात पात से जुड़े धर्म के बंधनों को तोड़कर एक-दूसरे को गले लगाते हुए बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता है। जिस दिन लोगों को पुरानी कड़वाहट और आपसी मनमुटाव को भुलाकर एक दूसरे से गले मिलने का अवसर प्राप्त होता है। उक्त मौके पर पत्रकार-चंद्रमोहन चौधरी, नरेंद्र सिन्हा, पार्थ सारथी पांडे, संतोष चंद्रकांत, रवि रंजन राय, बीरेंद्र कुमार, संजय पांडे,जयप्रकाश शर्मा,रवि प्रकाश,रमन चौबे,धर्मेंद्र कुमार, दुर्गेश तिवारी व ओम प्रकाश सिंह, विवेक कुमार, मनोज सिंह सहित अन्य पत्रकार सदस्य होली मिलन समारोह में शामिल हुए।

# बिहार में जमीन माफियाओं के खिलाफ जीरो टॉलरेंस, अंचल कार्यालयों में पारदर्शिता और दलालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश

**एजेंसी। पटना**

बिहार के पटना जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन ने अंचल कार्यालयों में जमीन माफियाओं पर सख्त कार्रवाई, पारदर्शिता और सीसीटीवी निगरानी के निर्देश दिए। जीरो टॉलरेंस नीति के तहत एफआईआर सहित कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। बिहार के उपमुख्यमंत्री और राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री विजय सिन्हा लगातार जमीन माफियाओं के खिलाफ कड़े कदम उठा रहे हैं। पटना के जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम ने अंचल अधिकारियों, भूमि सुधार डिप्टी कलेक्टर और अनुमंडल पदाधिकारियों को राजस्व कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अंचल कार्यालयों में बिचौलियों, दलालों या मुंशी की कोई भूमिका नहीं होगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी अंचल कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरे लगाए



जाएं, ताकि किसी भी दलाल की गतिविधि पर पूरी तरह रोक लग सके। जमीन माफियाओं की पहचान होने पर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर क्षेत्र के अंचल कार्यालयों में संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को विशेष औपचारिक निगरानी सुनिश्चित करने का आदेश भी दिया गया है। साथ ही, जमीन माफियाओं की पहचान होने पर अंचल अधिकारी भारतीय दंड संहिता की सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करेंगे। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि जिला स्तर से एडिशनल कलेक्टर और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी अंचल कार्यालयों की गतिविधियों का नियमित मॉनिटरिंग करेंगे। इलाके में भ्रमण के दौरान अगर किसी दलाल या मुंशी की पहचान होती है, तो धोखाधड़ी, आपराधिक षड्यंत्र और सरकारी कार्य में बाधा के आरोप में स्थानीय थाना में तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। ,सभी दाखिल-खारिज और परिमार्जन जैसे आवेदनों को निर्धारित समय-सीमा में निपटाने और नापीवाद एवं अतिक्रमण से जुड़े मामलों को तत्परता से निबटाने का भी निर्देश दिया गया है। इसका उद्देश्य आम नागरिकों को लोक सेवाओं और योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। जिलाधिकारी ने दो टूक कहा कि राजस्व कार्यों सहित जनहित के सभी मामलों में किसी भी स्तर की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जीरो टॉलरेंस नीति के तहत जमीन माफियाओं के खिलाफ एफआईआर सहित कड़ी कार्रवाई लगातार जारी है।

## पटना के डीएम ने दिया आदेश

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी अंचल कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, ताकि दलालों की एंट्री पर पूरी तरह रोक लग सके. साथ ही जमीन माफियाओं की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया गया. नगर क्षेत्र के अंचल कार्यालयों में संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को विशेष औपचारिक निगरानी सुनिश्चित करने को कहा गया है. साथ ही जमीन माफियाओं की पहचान होने पर अंचल अधिकारी भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करेंगे. जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिला स्तर से एडिशनल कलेक्टर और अन्य वरीय पदाधिकारी अंचल कार्यालयों की गतिविधियों का नियमित मॉनिटरिंग करें. इलाके में भ्रमण के दौरान अगर किसी दलाल या मुंशी की पहचान होती है, तो धोखाधड़ी, आपराधिक षड्यंत्र और सरकारी कार्य में बाधा के आरोप में स्थानीय थाना में तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराई जाए।

## दाखिल-खारिज को लेकर आदेश जारी

दाखिल-खारिज, परिमार्जन आदि आवेदनों को निर्धारित समय-सीमा में निष्पादित करने और नापीवाद और अतिक्रमणवाद मामलों को तत्परता से निबटाने का निर्देश दिया गया. इसका उद्देश्य यही है कि आम नागरिकों को लोक सेवाओं और योजनाओं का लाभ मिल सके. उजिलाधिकारी ने दो टूक जवाब देते हुए कहा कि राजस्व कार्यों सहित जनहित के सभी मामलों में किसी भी स्तर की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी. जीरो टॉलरेंस नीति के तहत जमीन माफियाओं के खिलाफ एफआईआर सहित कड़ी कार्रवाई लगातार जारी है।

# नेपाल पर भारी पड़ा बिहार, खीरी मैदान में फुटबॉल फाइनल का रोमांच चरम पर

**केटी न्यूज/राजपुर**

राजपुर प्रखंड के खीरी उच्च विद्यालय खेल मैदान में जय मां काली स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित फुटबॉल टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को बिहार और नेपाल की टीमों के बीच खेला गया। रोमांच से भरपूर इस मुकाबले में बिहार ने नेपाल को 2-1 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मैच का उद्घाटन बक्सर के सांसद सुधाकर सिंह, पूर्व विधायक विश्वनाथ राम तथा नगर परिषद अध्यक्ष कमरुन निशा ने संयुक्त रूप से किया। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए अतिथियों ने खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। रेफरी संतोष पाण्डेय, पप्पू सिंह और मुन्ना सिंह की देखरेख में निर्धारित 90 मिनट का खेल शुरू हुआ। पहले हाफ में दोनों टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया, लेकिन कोई भी गोल नहीं हो सका। मुकाबले के अंतिम क्षणों में




नेपाल की टीम ने शानदार गोल दागकर 1-0 की बढ़त बना ली। हालांकि दूसरे हाफ की शुरूआत से ही बिहार ने आक्रामक रणनीति अपनाई और लगातार दबाव बनाया। इसका परिणाम यह हुआ कि बिहार ने दो ताबड़तोड़ गोल कर 2-1 की बढ़त हासिल कर ली, जो अंत तक कायम रही। विजेता टीम को सांसद सुधाकर सिंह ने ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया और ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने की बात कही। वहीं उपविजेता नेपाल टीम को पूर्व विधायक विश्वनाथ राम ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया और कहा कि हार-जीत खेल का हिस्सा है, इससे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार बीरबल कुमार और मैन ऑफ द सीरीज का खिताब सुनील कुमार को दिया गया। आयोजन की सफलता में अध्यक्ष धनजी तिवारी सहित पूरी आयोजन समिति की सराहनीय भूमिका रही।

# ग्रामीण शिक्षा का उत्सव बना खीरी का उर्दू विद्यालय, 66वें वार्षिकोत्सव में सजे प्रतिभा के रंग

**केटी न्यूज/राजपुर**

प्रखंड के खीरी गांव स्थित उर्दू प्राथमिक विद्यालय का 66वां वार्षिकोत्सव इस बार सिर्फ एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि ग्रामीण शिक्षा की ताकत और विरासत का उत्सव बनकर उभरा। समारोह में पूर्ववर्ती छात्रों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की सहभागिता ने इसे यादगार बना दिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन बक्सर नगर परिषद अध्यक्ष कमरून निशा, शिक्षक संघ अध्यक्ष राम अवतार पाण्डेय और पूर्व मुखिया कमलेश सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अध्यक्षता सेवा निवृत एडीएम मुस्ताक अंसारी और प्रधानाध्यापक धनंजय मिश्र ने की, जबकि संचालन अखिलेश पाण्डेय ने किया। मुख्य अतिथि कमरून निशा ने विद्यालय को अपनी शिक्षा की कर्मभूमि बताते हुए कहा कि इस संस्थान की पहचान यहां के समर्पित शिक्षकों से है। उन्होंने कहा कि संसाधनों की कमी के बावजूद यह



विद्यालय शिक्षा की लौ जलाए हुए है। कार्यक्रम में पूर्ववर्ती छात्र ने भावुक स्मृतियां साझा करते हुए बताया कि कभी खपरैलनुमा भवन में पढ़ाई होती थी, लेकिन आज विद्यालय नई पहचान के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बच्चों से नियमित उपस्थिति और मेहनत का आह्वान किया। मुखिया अनिल सिंह ने इसे सरकारी विद्यालयों के लिए प्रेरणादायक पहल बताया। वहीं पूर्व मुखिया मकरध्वज सिंह ह्यविद्रोहीह्न ने खीरी के ऐतिहासिक संदर्भों का उल्लेख करते हुए शिक्षा को सामाजिक जागरूकता का आधार बताया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह में चार चांद लगा दिए। छात्राओं आइशा खातून, नाज प्रवीन और करीना कुमारी ने राष्ट्रगान प्रस्तुत किया, जबकि अन्य बच्चों ने बिहार गीत, कव्वाली और रिकॉर्डेड प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

समारोह के अंत में प्रतिभाशाली छात्रों को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि यह आयोजन शिक्षा के प्रति नई चेतना का संदेश देता है।

# बिहार में 6 शहरों में बनेंगे अत्याधुनिक ई-बस डिपो, 62.83 करोड़ की मंजूरी

**एजेंसी। पटना**

बिहार में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को आधुनिक और पर्यावरण के अनुकूल बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने बड़ा और दूरदर्शी कदम उठाया है। नीतीश कुमार के नेतृत्व में अब राज्य के छह प्रमुख शहरों में इलेक्ट्रिक बसों के लिए अत्याधुनिक डिपो बनाए जाएंगे। परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने इसकी औपचारिक घोषणा करते हुए बताया कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर कुल 62 करोड़ 83 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। यह योजना केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के अंतर्गत संचालित होगी, जबकि निर्माण कार्य भवन निर्माण विभाग द्वारा कराया जाएगा। राज्य सरकार का उद्देश्य शहरी परिवहन को आधुनिक,



सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल बनाना है, ताकि आम लोगों को सस्ती और विश्वसनीय यात्रा सुविधा मिल सके। इस योजना के तहत पटना, गया, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, भागलपुर और पूर्णिया में आधुनिक सुविधाओं से लैस सरकारी बस डिपो विकसित किए जाएंगे। इन डिपो के निर्माण से ई-बसों के संचालन, रखरखाव और चार्जिंग व्यवस्था में व्यापक सुधार होगा। साथ ही ड्राइवरों और कंडक्टरों के लिए बेहतर विश्राम कक्ष और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे सेवा की गुणवत्ता में सकारात्मक बदलाव आएगा। राजधानी पटना में बनने वाला डिपो अत्याधुनिक चार्जिंग स्टेशन, कार्यशाला और प्रशासनिक भवन से सुसज्जित होगा। यहां एक साथ कई बसों की पार्किंग की सुविधा उपलब्ध होगी तथा निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए पावर बैकअप की व्यवस्था की जाएगी। गया में सड़क, पेवर ब्लॉक, एलिवेटेड प्लेटफॉर्म, दुकानें, टर्मिनल और ई-बस चार्जिंग स्टेशन का निर्माण होगा। इससे यात्रियों को सुरक्षित और व्यवस्थित बोर्डिंग की सुविधा मिलेगी। मुजफ्फरपुर में टर्मिनल सह सार्वजनिक प्रतीक्षालय, शेड, सड़क, पेवर ब्लॉक, दुकानें, एलिवेटेड प्लेटफॉर्म और गार्ड रूम बनाए जाएंगे। इससे यात्रियों को बेहतर इंतजार और आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। दरभंगा में शेड, पेवर ब्लॉक, दुकानें, एलिवेटेड प्लेटफॉर्म, गार्ड रूम और लगभग दो मीटर ऊंची सीमा दीवार का निर्माण होगा, जिससे सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। भागलपुर में पेवर ब्लॉक, सड़क, दुकानें, एलिवेटेड प्लेटफॉर्म, सीमा दीवार, गार्ड रूम और टर्मिनल के साथ ई-बस स्टेशन पर शेड बनाया जाएगा। इससे बसों के संचालन में सुगमता आएगी और यात्रियों को व्यवस्थित परिवहन सुविधा मिलेगी। पूर्णिया में टर्मिनल सह सार्वजनिक प्रतीक्षालय क्षेत्र, शेड, पेवर ब्लॉक, दुकानें और एलिवेटेड प्लेटफॉर्म विकसित किए जाएंगे, जिससे यात्रियों को आधुनिक और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध होगा। हर डिपो में प्रशासनिक भवन, कार्यशाला, बस धुलाई रैंप, चार्जिंग स्टेशन और निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए पावर बैकअप की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। यात्रियों और कर्मचारियों की सुविधा के लिए सार्वजनिक शौचालय और फीडिंग रूम का भी निर्माण प्रस्तावित है।

# होली पर्व को शांतिपूर्ण मानने को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**केटी न्यूज/रोहतास**

होली पर्व शांतिपूर्वक माहौल में मनाने के उद्देश्य से रविवार को नोखा थाना पर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने कहा कि रंगों का त्योहार होली शांतिपूर्ण माहौल में भाईचारा के साथ मनाएं। किसी प्रकार की हुड़दंग होली में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। थानाध्यक्ष ने बैठक में मौजूद लोगों से अपील किया की होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। और होली के दौरान अफवाह फैलाने वाले एवं गड़बड़ी करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि होली के दौरान डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध है। होली पर्व के



मौके पर सड़क पर एवं चौक-चौराहे पर हंगामा करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। डीजे पर अश्लील गाना बजाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि होली में किसी प्रकार की अश्लील गाना बजाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से भाईचारा का त्योहार होली पर्व शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी तरह की अफवाह एवं हुड़दंग की सूचना डायल 112 एवं स्थानीय थाना की पुलिस को दे। पुलिस तुरंत कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि होली के दौरान अफवाहों से दूर रहे और कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। इस दौरान माखन चौधरी, रूपेश चंद्रवंशी, अनिल हिंदू, रविशंकर सिंह आदि पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं बुद्धिजीवी वर्ग लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### कोरानसराय में बच्चा चोर के शक में ग्रामीणों ने बुजुर्ग को पकड़ पुलिस को सौंपा, जांच में नहीं हुई पुष्टि

**डुमरांव।** अनुमंडल क्षेत्र में बच्चा चोर की अफवाहे थमने का नाम नहीं ले रही है। रविवार को कोरानसराय थाना क्षेत्र के गड़ही डेरा के समीप ग्रामीणों ने एक बुजुर्ग को बच्चा चोर समझ पकड़ लिया, इस दौरान बुजुर्ग खुद को काशीविश्वनाथ मंदिर का पंडा बता लोगों से छोड़ने की अपील करते रहा, लेकिन ग्रामीणों ने उसे पुलिस को सुपुर्द कर दिया। हालांकि, पुलिस की जांच में यह साफ हो गया कि उक्त व्यक्ति बच्चा चोर नहीं है। जिसके बाद पुलिस ने उसे ससम्मान छोड़ दिया। बताया जा रहा है कि रविवार को गड़ही डेरा के पास एक बुजुर्ग को बच्चा चोर समझ ग्रामीणों ने पकड़ लिया। इस दौरान वह बता रहा था कि मैं बच्चा चोर नहीं हूं बल्कि मै काशी विश्वनाथ मंदिर का पंडा हूं तथा अक्सर इस क्षेत्र में भीख मांगने आता हूं, लेकिन ग्रामीणों ने उसकी एक न सुनी। थानाध्यक्ष माधुरी कुमारी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि ग्रामीणो ने जिस व्यक्ति को पकड़ पुलिस को दिया था वह मूल रूप से दरभंगा का रहने वाला है तथा वाराणसी के प्रसिद्ध काशी विश्वनाथ मंदिर में पंडा का काम करता है। वह अक्सर इस इलाके में आते-जाते रहता है तथा मुगांव व बंजरिया के ग्रामीणों ने इसकी पुष्टि की है कि वह पूर्व में कई बार उनके गांव आ चुका है। थानाध्यक्ष ने कहा कि पूरी जांच के बाद उसे ससम्मान छोड़ दिया गया। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की है और कहा है कि किसी को पकड़ने से बेहतर है यदि कोई संदिग्ध इलाके में दिखाई पड़े तो तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दे। बहरहाल कोरानसराय तथा आस पास के क्षेत्रों में पूरे दिन इस घटना की चर्चा होते रही। वहीं, इस घटना ने एक बार फिर से यह साबित कर दिया है कि लोगों में बच्चा चोरी का खौफ किस कदर है।

### 142 लीटर शराब के साथ पिता-पुत्र गिरफ्तार

**बिक्रमगंज।** संझौली पुलिस ने भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया है। थानाध्यक्ष पूनम कुमारी ने बताया कि स्थानीय थाना संझौली निवासी रणधीर सिंह उर्फ लाल बाबू सिंह एवं उनके पुत्र विवेक कुमार उर्फ विवेक सिंह को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने विभिन्न ब्रांडों के 142 लीटर अंग्रेजी शराब साथ गिरफ्तार कर लिया। शराब की बरामदगी गिरफ्तार कारोबारी के घर से हुई है।उन्होंने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी के विरुद्ध कांड संख्या 45/26 के आलोक में संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया।

### कांड में चार अभियुक्त गए जेल

**बिक्रमगंज।** पुलिस ने कांड में चार अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । संझौली थानाध्यक्ष पूनम कुमारी ने बताया कि थाना में दर्ज कांड संख्या 46/26 के आलोक में विभिन्न धाराओं के अभियुक्त विक्की कुमार,बंटी कुमार, विशाल सिंह एवं छोटन उर्फ मनीष कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार सभी अभियुक्त संझौली के रहने वाले मूल निवासी बताए जाते हैं। जिसमें गिरफ्तार सभी अभियुक्तों को जांच उपरांत जेल भेज दिया गया।

### पटना में 43 लाख की साइबर ठगी का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार

**पटना।** पटना में साइबर ठगी का एक बड़ा मामला सामने आया है, जिसमें एक व्यक्ति से करीब 43 लाख की ठगी की गई। इस संबंध में साइबर थाना में कांड संख्या 53/26 दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी अनुसंधान शुरू किया। जांच के क्रम में पुलिस ने एक अभियुक्त की पहचान कर उसे वैशाली जिला से गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने अन्य तीन अभियुक्तों को भी गिरफ्तार कर लिया। इस प्रकार कुल चार आरोपितों को इस मामले में गिरफ्तार किया गया है। प्राथमिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि आरोपी लोगों को शेयर बाजार में निवेश कर कम समय में अधिक मुनाफा दिलाने का झांसा देते थे। निवेश के नाम पर वे लोगों से बड़ी रकम अपने खातों में ट्रांसफर करवा लेते थे और बाद में संपर्क तोड़ देते थे। पटना पुलिस की साइबर टीम द्वारा की गई तकनीकी जांच और तत्परता से इस गिरोह का पदार्फाश संभव हो सका। पुलिस अब आरोपितों के अन्य आपराधिक इतिहास और नेटवर्क की भी जांच कर रही है, ताकि इस तरह के साइबर अपराधों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। मामले से संबंधित विस्तृत जानकारी साइबर थाना पटना के पुलिस उपाधीक्षक श्री नीतीश चन्द्र धारिया द्वारा दी गई है। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति के झांसे में आकर निवेश न करें और संदिग्ध कॉल या लिंक से सतर्क रहें।

### बख्तियारपुर-ताजपुर के बीच गंगा पर बन रहा 5.5 किमी लंबा नया पुल

**पटना।** बिहार में आधारभूत संरचना को मजबूत करने की दिशा में एक और बड़ी परियोजना तेजी से आगे बढ़ रही है। राज्य की महत्वपूर्ण योजनाओं में शामिल बख्तियारपुर-ताजपुर गंगा पुल का निर्माण कार्य प्रगति पर है और इसे जून 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। लगभग 5.5 किलोमीटर लंबे इस पुल के निर्माण के बाद दक्षिण और उत्तर बिहार के बीच आवागमन काफी आसान हो जाएगा। यह पुल एनएच-31 स्थित बख्तियारपुर (पटना) को एनएच-28 के ताजपुर (समस्तीपुर) से जोड़ेगा। परियोजना का मुख्य उद्देश्य उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच सीधा संपर्क स्थापित करना तथा पटना के व्यस्त पुलों पर ट्रैफिक का दबाव कम करना है। वर्तमान में महात्मा गांधी सेतु और राजेंद्र सेतु पर वाहनों का अत्यधिक दबाव रहता है, जिससे अक्सर लंबा जाम लग जाता है। नए पुल के चालू होने के बाद इन दोनों पुलों पर यातायात का बोझ कम होने की उम्मीद है।

# बिहार में फरवरी के अंतिम दिनों में बढ़ती गर्मी : मौसम में बदलाव से बढ़ा स्वास्थ्य खतरा



**एजेंसी। पटना**

बिहार में फरवरी के अंतिम दिनों में मौसम में बदलाव तेजी से महसूस किया जा रहा है। ताजा आंकड़ों के अनुसार राज्य के कई हिस्सों में दिन और रात दोनों का तापमान धीरे-धीरे बढ़ रहा है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि कल से तापमान में लगभग 3 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हो सकती है। इसका मतलब यह है कि फरवरी के आखिरी दिनों में ही गर्मी का असर दिखाई देने लगेगा और मार्च की शुरूआत होते ही राज्य में पूर्ण रूप से गर्मी का मौसम शुरू हो सकता है। मौसम में अचानक बदलाव और तापमान में वृद्धि के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है। बदलते मौसम में अधिकतर लोग अपने खान-पान और कपड़ों के चयन में लापरवाही करने लगते हैं। सुबह और शाम के ठंडे मौसम के बावजूद लोग हल्के कपड़े पहन लेते हैं, जिससे उन्हें सर्दी, खांसी और जुकाम जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही खान-पान में संतुलन न होने से पाचन संबंधी समस्याएं भी बढ़ जाती हैं। मौसम की बदलती परिस्थितियों का असर बच्चों और बुजुर्गों पर ज्यादा देखने को मिलता है। छोटे बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने के कारण उन्हें वायरल और श्वसन संबंधी बीमारियां जल्दी घेर लेती हैं। वहीं बुजुर्गों को भी अचानक तापमान वृद्धि से थकान, सरदर्द और संक्रमण जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस समय उचित पोषण और स्वास्थ्य सुरक्षा बेहद जरूरी हो जाती है। अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों की संख्या भी इस समय बढ़ जाती है। डॉक्टरों के अनुसार, बदलते मौसम में बीमारियों के मामले सामान्य दिनों की तुलना में लगभग 20-30 प्रतिशत अधिक बढ़ जाते हैं। अधिकतर मरीजों में वायरल फीवर, जुकाम, खांसी, गले में खराश और पेट संबंधी समस्याएं देखने को मिल रही हैं। डॉक्टर लोगों को सलाह दे रहे हैं कि वे मौसम के अनुसार अपने कपड़े पहनें और अपने खान-पान का विशेष ध्यान रखें। मौसम विभाग ने यह भी चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में तापमान में उतार-चढ़ाव और आंशिक गर्मी देखने को मिल सकती है। इसलिए लोगों को बदलते मौसम के अनुसार अपनी दिनचर्या और स्वास्थ्य की देखभाल में सतर्क रहने की आवश्यकता है।

# बिहार स्वास्थ्य विभाग का बड़ा फैसला, एनएचएम संविदा कर्मियों के मानदेय में होगी 10% की बढ़ोतरी

**एजेंसी। पटना**



बिहार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत काम कर रहे हजारों संविदा कर्मियों के लिए सरकार ने बड़ी राहत भरी खबर दी है। होली से पहले राज्य सरकार ने उनके मासिक मानदेय में 10 प्रतिशत बढ़ोतरी करने का फैसला लिया है। यह निर्णय स्वास्थ्य विभाग और बिहार राज्य स्वास्थ्य समिति की ओर से जारी आदेश के बाद लागू किया गया है। बिहार राज्य स्वास्थ्य समिति के अनुसार, एनएचएम के तहत राज्य स्तर से लेकर जिला, प्रखंड और स्वास्थ्य उपकेंद्र स्तर तक कार्यरत सभी संविदा कर्मियों और पदाधिकारियों को उनके 1 सितंबर 2025 के वेतन आधार पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। यह अतिरिक्त राशि हर महीने तय रूप से उनके मानदेय में जोड़ी जाएगी। यानी कर्मचारियों को नियमित रूप से इसका लाभ मिलेगा। साथ ही, 31 अगस्त 2025 के बाद नियुक्त नए कर्मियों को भी उनके एंट्री लेवल मानदेय के आधार पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त राशि दी जाएगी। इस तरह पुराने और नए दोनों तरह के संविदा कर्मी इस फैसले के दायरे में आएंगे। हालांकि सरकार ने इस फैसले के साथ कुछ स्पष्ट शर्तें भी तय की हैं। जिन कर्मियों की सेवा समाप्त हो चुकी है या जिन्होंने स्वयं इस्तीफा दे दिया है, उन्हें इस बढ़ोतरी का लाभ नहीं मिलेगा। यह सुविधा केवल ठल्ट के स्वीकृत पदों पर वर्तमान में कार्यरत संविदा कर्मियों के लिए लागू होगी। रोगी कल्याण समिति (फ्ङर) या आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से कार्यरत कर्मियों को इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा। यानी यह बढ़ोतरी केवल उन्हीं कर्मियों को मिलेगी जो सीधे ठल्ट के तहत संविदा पर कार्यरत हैं। सरकार ने यह भी साफ किया है कि यह 10 प्रतिशत बढ़ोतरी मूल वेतन में स्थायी रूप से नहीं जोड़ी जाएगी। इसका मतलब है कि भविष्य में होने वाली वार्षिक वेतन वृद्धि, लॉयल्टी बोनस या अनुभव बोनस की गणना इस अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि को जोड़कर नहीं की जाएगी। इस अतिरिक्त राशि का लाभ लेने वाले कर्मचारियों से एक अंडरटेकिंग ली जाएगी। इसमें यह उल्लेख होगा कि यदि गणना या भुगतान में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है, तो अतिरिक्त दी गई राशि की वसूली कर्मचारी स्वीकार करेंगे।

## कब से लागू होगा आदेश?

बिहार राज्य स्वास्थ्य समिति ने स्पष्ट किया है कि यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू होगा और 1 सितंबर 2026 से इसका वित्तीय लाभ दिया जाएगा।

## कर्मियों के लिए कितना अहम है फैसला?

एनएचएम के तहत काम करने वाले संविदा कर्मी लंबे समय से वेतन बढ़ोतरी और स्थायीकरण की मांग करते रहे हैं। ऐसे में 10 प्रतिशत की यह बढ़ोतरी उनके लिए आर्थिक राहत लेकर आई है। स्वास्थ्य सेवाओं में अहम भूमिका निभाने वाले ये कर्मी गांव-गांव और दूरदराज के इलाकों में काम करते हैं। सरकार के इस फैसले से न केवल उन्हें आर्थिक सहयोग मिलेगा, बल्कि उनके काम के प्रति उत्साह और मनोबल भी बढ़ेगा।

## एक नजर

### शौचालय की टंकी में जहरीली गैस से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

बिहार में होली के जश्न के बीच बड़ा हादसा हुआ है। वैशाली जिले से एक बड़ी और दर्दनाक खबर सामने आई है। सराय थाना क्षेत्र के अनवरपुर गांव में हुए हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई, जिससे पूरे इलाके में कोहराम मच गया है। जानकारी के अनुसार, शौचालय टंकी के सोखता में एक व्यक्ति के गिरने के बाद उसे बचाने के प्रयास में परिवार के अन्य सदस्य भी एक-एक कर अंदर चले गए। टंकी में भरी जहरीली गैस के कारण दम घुटने से सभी की मौत हो गई। इस हादसे में तीन अन्य लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सबसे दुखद पहलू यह है कि मृतकों में शामिल सभी लोग एक ही परिवार के थे। मृतकों की पहचान आनंद कुमार, राहुल कुमार और पंकज कुमार के रूप में हुई है, जो आपस में भाई बताए जा रहे हैं। वहीं राहुल कुमार, आनंद कुमार के पुत्र थे। बताया जा रहा है कि राहुल की शादी 24 फरवरी को हुई थी और शादी के महज एक सप्ताह के भीतर ही उसकी मौत हो गई, जिससे परिवार और गांव में शोक की लहर है। घटना की सूचना मिलते ही सदर एसडीएम रामबाबू बैठा और लालगंज एसडीपीओ गोपाल मंडल मौके पर पहुंचे और मामले की जांच व आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में मातम पसरा हुआ है।

### जहानाबाद में घूस लेते पकड़े गए राजस्व कर्मचारी अमरेंद्र कुमार सस्पेंड, ऊट अलंकृता पांडेय ने की बड़ी कार्रवाई

**जहानाबाद।** जहानाबाद के रतनी फरीदपुर प्रखंड में तैनात राजस्व कर्मचारी अमरेंद्र कुमार को घूसखोरी के मामले में सस्पेंड किया गया है। जहानाबाद डीएम अलंकृता पांडेय ने भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। बता दें कि बीते कुछ दिनों से रिश्वतखोरी का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें रतनी फरीदपुर प्रखंड में पदस्थापित एक राजस्व कर्मचारी अमरेंद्र कुमार को घूस लेते हुए दिखाया जा रहा था। वीडियो वायरल होने के बाद डीएम ने इसे गंभीरता से लेते हुए एसडीएम को 24 घंटे के अंदर जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया।एसडीएम ने जांच में प्रथम दृष्टया मामले को सही पाया। वीडियो में राजस्व कर्मचारी कसमा पंचायत के उदयपुरा गांव निवासी एक व्यक्ति से जमाबंदी के नाम पर घूस ले रहा था। एसडीएम राजीव रंजन सिन्हा ने राजस्व कर्मचारी को मामले में दोषी पाते हुए कार्रवाई की अनुशंसा डीएम से कर दी। जिसके बाद जहानाबाद डीएम ने उक्त राजस्व कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जहानाबाद डीएम ने राजस्व कर्मचारी-सह-प्रभारी अंचल निरीक्षक अमरेंद्र कुमार के वायरल वीडियो की जांच उपरांत सही पाए जाने पर यह कार्रवाई की।बताया जाता है कि कुछ दिन पूर्व सोशल मीडिया पर एक वायरल विडियो मे देखा गया था कि अमरेन्द्र कुमार, राजस्व कर्मचारी -सह- प्रभारी अंचल निरीक्षक, अंचल रतनी फरीदपुर के द्वारा राजस्व संबंधी कार्यों के लिए रिश्वत लिया जा रहा है, जिसके विरुद्ध जिला पदाधिकारी, जहानाबाद, श्रीमती अलंकृता पाण्डेय द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए वायरल विडियो के सत्यता की जाँच हेतु अनुमंडल पदाधिकारी को निदेश दिया था , जिसके परिप्रेक्ष्य मे आज दिनांक 28 फरवरी, 2025 को अनुमंडल पदाधिकारी, जहानाबाद द्वारा वायरल विडियो की सत्यता का जाँच कर जाँच प्रतिवेदन जिला पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# शराब पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला, दो अधिकारी घायल, ईंटों के नीचे छिपाकर ले जा रहे थे अंग्रेजी शराब



**एजेंसी। पटना**

बिहार में शराबबंदी कानून के बीच अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान गया जिले में पुलिस टीम पर हमला होने की घटना सामने आई है। जगदीशपुर-मखपा के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब शराब बरामद करने गई पुलिस टीम पर उपद्रवियों ने ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। इस हमले में दो पुलिस अधिकारी घायल हो गए, जबकि पुलिस की गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद कुछ समय के लिए इलाके में तनाव का माहौल बन गया, हालांकि पुलिस ने अतिरिक्त बल बुलाकर स्थिति को नियंत्रण में कर लिया। जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक ट्रैक्टर के डल्ला में ईंटों के नीचे बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब छिपाकर केसपा की ओर ले जाई जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम तत्काल सक्रिय हुई और केसपा मोड़ के पास संदिग्ध ट्रैक्टर का पीछा शुरू किया। पुलिस के अनुसार जैसे ही टीम ने जगदीशपुर के समीप ट्रैक्टर को रोकने की कोशिश की, चालक ने पुलिस को देखकर चलती गाड़ी से छलांग लगा दी और मौके से फरार हो गया। चालक के अचानक कूदने से ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे पलट गया। इसके बाद पुलिस ने ट्रैक्टर की तलाशी ली, जिसमें ईंटों के नीचे छिपाकर रखी गई भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पुलिस टीम जब जब्ती की प्रक्रिया पूरी कर रही थी, तभी बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए और देखते ही देखते कुछ उपद्रवी तत्वों ने पुलिस पर हमला बोल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक उपद्रवियों ने पुलिस टीम पर ईंट-पत्थर फेंकने शुरू कर दिए, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। अचानक हुए हमले से पुलिसकर्मियों को संभलने का मौका नहीं मिला। स्थिति को काबू में करने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। इस दौरान अलीपुर थाना के एसएचओ सत्यम और टिकारी थाना में पदस्थापित एसआई सुनील कुमार घायल हो गए। दोनों को प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भेजा गया। हमले में अलीपुर थाना की सरकारी गाड़ी के शीशे टूट गए और वाहन को काफी नुकसान पहुंचा। घटना की सूचना मिलते ही टिकारी के एसडीपीओ सुशांत कुमार चंचल मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए आसपास के कई थानों की पुलिस को बुलाया गया। अतिरिक्त बल की मौजूदगी में क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है, ताकि दोबारा कोई अप्रिय घटना न हो। एसडीपीओ ने कहा कि शराब की खेप जब्त कर ली गई है और ट्रैक्टर को भी कब्जे में लेकर थाने लाया गया है। फरार चालक की पहचान की जा रही है।

# पटना सिटी में घर में घुसकर महिला पीडीएस दुकानदार की हत्या, जमीन विवाद की आशंका

**एजेंसी। पटना**

पटना सिटी में अपराधियों का तांडव थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला ढंश्ल्लं के आलमगंज थाना क्षेत्र के दादर मंडी इलाके से सामने आया है, जहां घर में घुसकर 45 वर्षीय महिला पीडीएस दुकानदार की चाकू से गोदकर निर्मम हत्या कर दी गई। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से पूरे इलाके में दहशत और सनसनी फैल गई है। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। मृतका की पहचान दादर मंडी निवासी पंटू गुप्ता की पत्नी सुलेखा गुप्ता के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सुलेखा गुप्ता स्थानीय स्तर पर पीडीएस (सार्वजनिक वितरण प्रणाली) की दुकान चलाती थीं और इलाके में उनकी पहचान एक सक्रिय व्यवसायी महिला के रूप में थी। घटना के समय वह घर पर अकेली थीं। इसी दौरान अपराधी घर में घुसे और धारदार हथियार से उन पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों और मोहल्लेवासियों में हड़कंप मच गया। गंभीर रूप से घायल अवस्था में सुलेखा गुप्ता को तत्काल इलाज के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन के अनुसार महिला के शरीर पर कई जगह गहरे जख्म पाए गए, जिससे स्पष्ट है कि हमलावरों ने बेरहमी से वार किया था। मृतका के पति पंटू गुप्ता, जो पटना सिटी व्यवहार न्यायालय में मुंशी के पद पर कार्यरत हैं, ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि उनकी पत्नी घर में गिर गई हैं। जब वह घर पहुंचे तो देखा कि पत्नी खून से लथपथ पड़ी थीं। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि फिलहाल उन्हें किसी से व्यक्तिगत दुश्मनी की जानकारी नहीं है, हालांकि कुछ लोगों के साथ जमीन संबंधी विवाद चलने की बात स्वीकार की। घटना की सूचना मिलते ही आलमगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। बाद में पटना सिटी के अपर पुलिस अधीक्षक भी घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की समीक्षा की। साथ ही एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) की टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है, ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके।

# खाड़ी देशों में फंसे बिहार के हजारों लोग कुवैत-कतर से दूतावास की एडवाइजरी जारी

**एजेंसी। पटना**



ईरान-इजराइल तनाव के बीच खाड़ी देशों में रह रहे बिहार के हजारों परिवारों की धड़कनें तेज हो गई हैं। संभावित युद्ध की आशंका ने राज्य के उन घरों में बेचैनी बढ़ा दी है, जिनके अपने सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, ओमान, बहरीन, कुवैत, मलेशिया, जॉर्डन और इराक जैसे देशों में काम कर रहे हैं। हालांकि वहां मौजूद लोगों का कहना है कि फिलहाल वे सुरक्षित हैं, लेकिन हालात बिगड़ने की आशंका को लेकर चिंता बनी हुई है। कतर की राजधानी दोहा में मिथिलांचल के तीन परिवार रह रहे हैं। अररिया के विनय मिश्रा, धीरेन्द्र चौधरी और मधुबनी के नीरज चौधरी वहां निजी कंपनियों में उच्च पदों पर कार्यरत हैं। विनय मिश्रा ने बताया कि हवाई हमले की सूचना मिलते ही वहां अलर्ट घोषित कर दिया गया। ह्वहम लोग अपने-अपने घरों में थे, लेकिन शाम होते-होते सभी एक जगह इकट्ठा हो गए और रात साथ में गुजारी। सरकार की ओर से सुरक्षा निर्देश दिए गए हैं। फिलहाल कोई सीधी परेशानी नहीं है, लेकिन घरवालों की चिंता स्वाभाविक है,ह्व उन्होंने कहा। उन्होंने बताया कि रिहायशी इलाकों में रहने के कारण वे खुद को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं, लेकिन बिहार में परिवार के लोग हर घंटे फोन कर हालचाल ले रहे हैं। धीरेन्द्र चौधरी ने भी बताया कि अभी स्थिति नियंत्रण में है, पर यदि संघर्ष बढ़ता है तो मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं। नीरज चौधरी ने कहा कि सभी भारतीय एक-दूसरे के संपर्क में हैं और एहतियात बरत रहे हैं। इधर, हैदराबाद से कतर जाने की तैयारी में जुटे अररिया और पूर्णिया के कई परिवारों को एयरपोर्ट पर ही रोक दिया गया। उड़ानें रद्द होने के कारण उन्हें रात हैदराबाद में ही रुकना पड़ा। संबंधित परिवारों को अब रविवार को बिहार लौटने की सलाह दी गई है। हालात सामान्य होने के बाद ही वे दोबारा यात्रा कर सकेंगे।कुवैत में भी बड़ी संख्या में बिहार के लोग कार्यरत हैं। पटना के गोला रोड निवासी श्रवण कुमार, जो कुवैत ऑयल कंपनी में इंजीनियर हैं, ने बताया कि मिसाइल हमले के बाद कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। ह्वजिस इलाके में हमला हुआ, वहां आम नागरिकों का आवागमन नहीं होता, इसलिए किसी प्रकार की मानवीय क्षति की सूचना नहीं है। हम सभी भारतीय अपने परिवारों के संपर्क में हैं और फिलहाल सुरक्षित हैं,ह्व उन्होंने कहा।

# होली पर भारतीय रेलवे की बड़ी सौगात, बिना रिजर्वेशन चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

**एजेंसी। पटना**



होली के मौके पर घर जाने की तैयारी कर रहे यात्रियों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। भारतीय रेलवे ने त्योहार के दौरान बढ़ती भीड़ को देखते हुए विशेष ट्रेनों के संचालन का ऐलान किया है। खास बात यह है कि इनमें कुछ ट्रेनें ऐसी भी हैं, जिनमें यात्री बिना रिजर्वेशन के भी सफर कर सकेंगे। यह कदम खासकर पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार और राजस्थान जाने वाले लोगों के लिए बड़ी सुविधा लेकर आया है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, 2 मार्च 2026 से इन विशेष ट्रेनों का संचालन शुरू हो जाएगा। हर साल होली के दौरान ट्रेनों में जबरदस्त भीड़ देखने को मिलती है, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने अतिरिक्त ट्रेनों के साथ-साथ अनारक्षित (जनरल) कोच वाली सेवाओं को भी बढ़ाया है।मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि ट्रेन संख्या 05071/05072 छपरा से आनंद विहार के बीच साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के रूप में चलाई जाएगी। यह ट्रेन 2 मार्च से 16-17 मार्च 2026 तक हर सोमवार और मंगलवार को संचालित होगी। छपरा से यह ट्रेन दोपहर 3 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 10:20 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। इस ट्रेन में एसी, स्लीपर और जनरल कोच की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे हर वर्ग के यात्रियों को राहत मिलेगी।उन्होंने यह भी बताया कि इस बार ट्रेनों के समय और स्टॉपेज में कुछ बदलाव किए गए हैं, ताकि यात्रियों को अधिक सुविधा मिल सके और भीड़ का बेहतर प्रबंधन किया जा सके।इसके अलावा, राजस्थान और दिल्ली के बीच सफर करने वालों के लिए भी एक बड़ी राहत दी गई है। ट्रेन संख्या 09713/09714 फुलेरा से दिल्ली सराय रोहिल्ला के बीच पूरी तरह अनारक्षित होली स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। यह ट्रेन 2 मार्च से 4 मार्च 2026 तक कुल तीन फेरे लगाएगी। फुलेरा से यह ट्रेन दोपहर 11:40 बजे रवाना होकर शाम 6:05 बजे दिल्ली पहुंचेगी।वापसी में यह ट्रेन दिल्ली सराय रोहिल्ला से शाम 7:10 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 2:30 बजे फुलेरा पहुंचेगी। इस ट्रेन की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें सभी कोच अनारक्षित होंगे, जिससे बिना टिकट रिजर्वेशन के भी यात्री आसानी से सफर कर सकेंगे। इस स्पेशल ट्रेन का रूट भी काफी महत्वपूर्ण है। रास्ते में यह ट्रेन रेणवाल, रिंगस, श्याम नगर, खैरली, निमा खुर्द, मौंडा, डबला, नारनौल, अटेली, कुंड, रेवाड़ी, पाटौदी रोड, गुड़गांव और दिल्ली कैंट जैसे प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी। इससे छोटे-छोटे शहरों और कस्बों के यात्रियों को भी सीधा लाभ मिलेगा। रेलवे का कहना है कि होली के दौरान यात्रियों की संख्या सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना बढ़ जाती है। ऐसे में इन विशेष ट्रेनों के संचालन से न सिर्फ भीड़ कम होगी, बल्कि यात्रियों को सुरक्षित और आरामदायक यात्रा का अनुभव भी मिलेगा। त्योहार के इस सीजन में रेलवे की यह पहल लाखों यात्रियों के लिए बड़ी राहत साबित हो सकती है। खासकर उन लोगों के लिए, जो अचानक यात्रा की योजना बनाते हैं और जिन्हें कन्फर्म टिकट नहीं मिल पाता, उनके लिए अनारक्षित ट्रेनों का संचालन किसी तोहफे से कम नहीं है। कुल मिलाकर, होली के रंग में घर लौटने की खुशी अब और आसान हो गई है, क्योंकि रेलवे ने यात्रियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बेहतर व्यवस्था करने की कोशिश की है।

# सहरसा से गायब हुई पांच नाबालिग लड़कियां सकुशल की गई बरामद

**एजेंसी। पटना**

बिहार के सहरसा जिले से लापता हुई पांच नाबालिग लड़कियां सकुशल मिल गई हैं। सभी लड़कियों को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के ऐशबाग रेलवे स्टेशन से सुरक्षित बरामद किया गया। पुलिस और रेल सुरक्षा बल की संयुक्त कार्रवाई से यह संभव हो सका। लड़कियों के सुरक्षित मिलने के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सहरसा के नौहट्टा नगर पंचायत क्षेत्र की पांचों बालिकाएं 27 फरवरी की सुबह घर के पास खेत में घास काटने के लिए निकली थीं। देर शाम तक उनके वापस नहीं लौटने पर परिवार के लोग चिंतित हो गए। एक साथ पांच बालिकाओं के गायब होने की खबर से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। परिजनों ने पहले अपने स्तर पर खोजबीन की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिलने पर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए सहरसा पुलिस ने तत्काल विशेष जांच दल का गठन किया और तलाश शुरू कर दी। जांच के दौरान पुलिस को आशंका हुई कि बालिकाएं रेल मार्ग से कहीं बाहर जा सकती हैं। इसके बाद विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर सतर्कता बढ़ा दी गई। रेल सुरक्षा बल और राजकीय रेलवे पुलिस को बालिकाओं की तस्वीरें और विवरण भेजे गए।28 फरवरी की रात लखनऊ के ऐशबाग रेलवे स्टेशन पर टिकट परीक्षक और रेलकर्मियों ने पांचों बालिकाओं को देखा। शक होने पर उन्होंने तुरंत रेल सुरक्षा बल और राजकीय रेलवे पुलिस को सूचना दी। पहचान की पुष्टि होने के बाद सभी बालिकाओं को सुरक्षित संरक्षण में ले लिया गया।